कार्यालय- नजारत अनुभाग, जिला न्यायालय चित्रकूट।

संख्या- २०० /2026 दिनांक २० .11.2026

कोटेशन नोटिस

माननीय जनपद न्यायाधीश, चित्रकूट के स्वीकृति आदेश दिनांक 17.11.2026 के अनुपालन में जनपद न्यायालय चित्रकूट हेतु 03 अदद वाटर कूलर Make- C GREAVES HIANCE तथा 40 Liter/Hour Cooling क्षमता की, लगवाये जाने हेतु कोटेशन अधोहस्ताक्षरी द्वारा आमंत्रित किये जाते हैं। इच्छुक फर्म / संस्था जरिये ई-मेल (dcchi@allahabadhighcourt.in) / डाक अथवा स्वयं दिनांक 26.11.2026 अपराह्न 01:00 बजे तक नजारत कार्यालय में कोटेशन उपलब्ध करायें। वाटर कूलर की अंतिम क्रय संख्या का निर्धारण कोटेशन में प्राप्त दर के अनुसार बदला जा सकता है | माननीय जनपद न्यायाधीश को किसी भी कोटेशन को बिना किसी आपत्ति के रद्द करने का पूर्ण अधिकार होगा। नियत समय तक प्राप्त कोटेशन दिनांक 26.11.2026 को ही समय अपराह्न 04:35 बजे खोले जायेंगे। समय अवधि के बाद प्राप्त कोटेशन पर विचार नहीं किया जायेगा। कोटेशन में चयनित फर्म / संस्था को वाटर कूलर क्रय आदेश प्राप्ति के 1 माह के अन्दर जनपद न्यायालय में निर्धारित स्थान पर स्थापित कराना होगा |

20/11/26

अध्यक्ष
क्रय समिति
जिला न्यायालय चित्रकूट।

प्रतिलिपि- निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. माननीय जनपद न्यायाधीश को सूचनार्थ |
2. सदर नाजिर कलेक्ट्रेट चित्रकूट को नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने हेतु।
3. अधिशासी अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग, प्रान्तीय खण्ड-1 चित्रकूट को नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने हेतु।
4. तहसीलदार, कर्वी को नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने हेतु।
5. अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, चित्रकूटधाम कर्वी को नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने हेतु।
6. अध्यक्ष, अधिवक्ता संघ, कर्वी को नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने हेतु।
7. जिला सूचना अधिकारी, चित्रकूट।
8. कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने एवं रक्षक पत्रावली में अनुरक्षण हेतु।
9. प्रभारी नोडल अधिकारी कम्प्यूटर को जनपद न्यायालय चित्रकूट एवं माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद की वेबसाइट पर अपलोड कराये जाने हेतु।

20/11/26

अध्यक्ष
क्रय समिति
जिला न्यायालय चित्रकूट।